दिन–सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 22 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को किया सावधान कहा कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर आप की कमाई पर है।

02. प्रदेश भाजपा ने महागठबंधन के घटक दलों राजद और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप पत्र जारी किया ।

03. झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़ीया में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया।कुल चौवन उम्मीदवार चुनाव मैदान में ।

04. और, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में देश का प्रतिष्ठित सम्मान पद्म पुरस्कार प्रदान किये।

————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर लोगों की कमाई और उनकी संपत्ती पर है। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेता सार्वजनिक तौर पर कह रहे हैं कि वे सत्ता में आये तो आम लोगों की संपत्ती का सर्वे करायेगें। इसलिए लोगों को इनसे सावधान होना चाहिए।

——बाईट——

————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि कांग्रेस के नेताओं में डर फैल गया है। छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं का एक मात्र एजेंडा भ्रष्टाचार है।

——बाईट——

————————————————————

प्रदेश भाजपा ने महागठबंधन के घटक दलों राजद कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आज एक आरोप पत्र जारी किया है। प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि महागठबंधन के घटक दल भ्रष्टाचार के पोषण और देश तोड़ने के एजेंडे पर काम कर रहे हैं।

——बाईट——

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब सीट से पार्टी के उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इंडी गठबंधन के विभिन्न दल परिवारवाद को बढ़ावा देने और एक विशेष समुदाय के तुष्टीकरण में जुटे हुए हैं।

——बाईट——

————————————————————————————

प्रदेश में दूसरे और तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बांका, भागलपुर और किशनगंज में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा की। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने भी संयुक्त रूप से पूर्णियां, कटिहार और भागलपुर लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने बांका, पूर्णियां और कटिहार में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उनके साथ विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद थें। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा कल बिहार दौरे पर रहेंगे। वे भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन आज राज्य की पांच सीटों झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। राज्य निर्वाचन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन वापसी की समय सीमा बीत जाने के बाद इन सीटों पर कुल चौवन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सुपौल संसदीय क्षेत्र में पंद्रह, झंझारपुर में दस, अररिया में नौ, मधेपुरा में आठ और खगड़िया संसदीय क्षेत्र में बारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा।

————————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन भरने के काम में तेजी आ गयी है। चौथे चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में तेरह मइ को मतदान होगा। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिली सूचना के अनुसार आज पांचों सीटों पर कुल छह नामांकन पत्र भरे गये। दरभंगा, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्र में एक–एक नामांकन पत्र भरे गये। उजियारपुर संसदीय क्षेत्र से चंदेश्वर राय ने एक और मनोज कुमार ने दो सेट में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना–अपना नामांकन दाखिल किया। इधर, जानकारी के अनुसार उजियारपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी नित्यानंद राय कल अपना नामांकन भरेंगे। इन सीटों पर नामांकन भरने की आखिरी तिथि पच्चीस अप्रैल है। छब्बीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि उन्नतीस अप्रैल है।

————————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के लिए राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों की श्रृंखला में, आज जानकारी अररिया लोकसभा सीट की। अररिया बिहार के पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है जहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

——बाईट——

————————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में देश का प्रतिष्ठित सम्मान पद्म पुरस्कार प्रदान किये। इस वर्ष पद्म पुरस्कार पाने वालों में प्रदेश के कई नामचीन चेहरे शामिल हैं। सुलभ इंटरनेशनल के प्रणेता बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

——बाईट——

वहीं, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ सीपी ठाकुर को पद्म भूषण पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा राज्य की पांच अन्य विभूतियों को पद्म श्री से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र किशोर, गोदना पेटिंग के लिए शांति देवी पासवान और शिवन पासवान तथा टिकुली कला के लिए अशोक कुमार विश्वास को पद्मश्री दिया गया। दरभंगा घराने के ध्रुपद शैली के गायक पंडित राम मल्लिक को कला क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

———————————————————————

भोजपुर की एक स्थानीय अदालत ने विश्वेश्वर ओझा हत्याकांड मामले में दो मुख्य दोषियों हरेश मिश्रा और ब्रजेश मिश्रा को सश्रम उम्रकैद की सजा सुनायी है। अदालत ने दोनों पर पचासी–पचासी हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसी मामले में पांच अन्य दोषियों को दस–दस साल की सश्रम कारावास की सजा सुनायी गयी है। न्यायालय ने छह अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। गौरतलब है कि भाजपा नेता विश्वेश्वर ओझा की बारह फरवरी दो हजार सोलह को शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनवर्षा में गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा और पूर्वी चंपारण जिले में लू की स्थिति बनी रही। वहीं, बेगूसराय राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा जहाँ का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों तक रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, नालंदा, नवादा, बेगूसराय, बांका, जमुई समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–मध्य और उत्तर–पश्चिम भागों में अधिकांश स्थानों पर लू चलने की संभावना जतायी है। श्री गौरव ने कहा कि अगले चौबीस घंटो के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज समेत राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की भी संभावना है।

––बाईट––

इधर, आज दोपहर बाद पटना और आस–पास के इलाकों में बादल छाये रहने के कारण लोगों को तपती गर्मी से थोड़ी राहत मिली है।

———————————————————————

पृथ्वी दिवस के अवसर पर आज प्रदेश के विभिन्न भागों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। बेगूसराय के जी.डी.कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना– एनएसएस और सेहत केन्द्र के स्वयंसेवकों ने पौधा रोपन किया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को किया सावधान कहा कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर आप की कमाई पर है।

02. प्रदेश भाजपा ने महागठबंधन के घटक दलों राजद और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप पत्र जारी किया ।

03. झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़ीया में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र वापस लेने के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया।कुल चौवन उम्मीदवार चुनाव मैदान में ।

04. और, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में देश का प्रतिष्ठित सम्मान पद्म पुरस्कार प्रदान किये।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।